# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के नियोजन, क्रियान्वयन व मूल्यांकन हेतु जनपद रामपुर भ्रमण का प्रतिवेदन

**भ्रमण तिथिः 22.09.2016 से 24.09.2016 तक**

## राज्य स्तरीय भ्रमण टीम–

1. डा0 रेशमा मसूद, सहायक महाप्रबन्धक, आर.बी.एस.के.
2. डा0 कमला मिश्रा, सलाहकार, क्वालिटी एस्योरेन्स
3. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन

## जनपद स्तरीय भ्रमण टीम–

1. डा0 एस0पी0 अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, चि0 स्वा0 एवं प0क0 मुरादाबाद मण्डल।
2. डा0 बी0सी0 सक्सेना, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, रामपुर।
3. श्री नाजीर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, रामपुर। (दिनांक 22.09.2016 को)
4. श्री प्रभात, जिला कम्यूनिटी प्रासेस मैनेजर, रामपुर। (दिनांक 23.09.2016 से 24.09.2016 तक)
5. श्री राजकुमार, जिला लेखा प्रबन्धक, रामपुर।

## कार्यक्रमानुसार भ्रमण का विवरणः–

मिशन निदेशक महोदय के पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2016–17/04/ दिनांक 09.09.2016 के क्रम में दिनांक : 22.09.2016 से 24.09.2016 तक रामपुर जनपद के जनपद एवं ब्लाक स्तर की चिकित्सा इकाईयों का भ्रमण किया गया तथा समुदाय स्तरीय गतिविधियों का अनुश्रवण एवं जनपद स्तर पर जनपद एवं ब्लाक स्तर के अधिकारियों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। भ्रमण के दौरान चिकित्सा इकाईयों पर भरी गयी चेकलिस्ट भ्रमण रिपोर्ट के साथ संलग्न की जा रही है। भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है–

### सामुदायिक स्वा0 केन्द्र, स्वार, रामपुर


दिनांकः 22.09.2016

सम्पर्क अधिकारीः डा0 इन्दुकान्त वर्मा– चिकित्सा अधीक्षक

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव |
| --- | --- |
| सिटीजन चार्टर एवं ई0डी0एल0 डिस्प्ले नहीं था। ओ0पी0डी0 रजिस्टर में डायग्नोसिस एवं उपचार का कालम अंकित नहीं था। | डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| चिकित्सालय परिसर में बिजली–पानी एवं स्वच्छता की ब्यवस्था ठीक नहीं है। | चिकित्साधिकारी को चिकित्सालय परिसर में आवश्यक ब्यवस्था ठीक कराने का सुझाव दिया गया। |
| इमरेन्सी रुम में इमरजेन्सी ट्रे लेबल नहीं थी। ब्यायलर में उपकरणों के स्थान पर काटन एवं गाज विसंक्रमित किये जा रहे थे। | चिकित्साधिकारी को इसके बारे में ब्यापक रुप से जानकारी प्रदान करते हुए ठीक कराने का सुझाव दिया गया। |
| वार्ड व लेबर रुम गन्दे थे। चादरें आदि नहीं | उक्त व्यवस्था ठीक कराये जाने का सुझाव दिया |

| | |
|---|---|
| उपलब्ध थी। शौचालय में साफ–सफाई ठीक नहीं थी। पार्टोग्राफ ठीक प्रकार से नही भरा जा रहा था। उपस्थित स्टाफ नर्स को न्यू बार्न केयर कार्नर की ठीक प्रकार से जानकारी नही थी। लेबर रुम में उपस्थित ट्रेज की लेबलिंग नहीं की गयी थी। एम0डी0आर0 रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। | गया। |
| सामुदायिक स्वा0 केन्द्र, में अगस्त माह में 92 प्रसव दर्शाया गया था। भ्रमण के दौरान वार्ड में प्रसूता ज्ञानवती, भूडबाकल मजरा, कुण्डा की भर्ती मिलीं। ज्ञानवती के साथ आयी आशा ने बताया कि भर्ती मरीजों के भोजन आदि की ब्यवस्था नहीं है। साथ में मौजूद आशा कार्यकत्री पूनम के द्वारा परिवार नियोजन सम्बन्धी जानकारी नही दी गयी थी। | प्रसव के प्श्चात 48 घण्टे तक रोके जाने का सुझाव दिया गया। आशा के समस्त जानकारियों से अपडेट होते हुए समुदाय में समस्त जानकारियॉ प्रदान करने व सेवायें दिलाने का सुझाव दिया गया। |
| फार्मासिस्ट द्वारा दवाईयों के रखरखाव एवं स्टाक बुक आदि सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गई। | फार्मासिस्ट को स्टाक बुक इण्ट्री एवं एक्सपायरी डेट रजिस्टर के सम्बन्ध में तथा दवाईयों की इन्ट्री नियमित रुप से किये जाने सम्बन्धी सुझाव दिया गया। |
| बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की व्यवस्था हेतु कोई एजेन्सी अनुबन्धित नहीं है और न ही कोई वैकल्पिक ब्यवस्था की गई है। | अतिशीघ्र मानक के अनुरुप बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। |
| आर.बी.एस.के. टीम द्वारा गड्डी नगली प्राइमरी पाठशाला पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था। भ्रमण के दौरान पाया गया कि वजन नापने की मशीन ठीक प्रकार से काम नहीं कर रही थी।टीम के पास ब्लड प्रेशर मापने की मशीन, स्टेथेस्कोप, मोबाईल हेल्थ टीम रजिस्टर आदि उपलब्ध नहीं था। टीम के पास टेबलेट एलबेन्डाजोल के अतिरिक्त अन्य कोई मेडिसीन उपलब्ध नहीं थी। आई0एफ0ए0 टेबलेट जुलाई 2016 से नही है। टीम द्वारा उपयोग की गई वाहनों की लागबुक उपलब्ध नहीं थी।<br>गड्डी नगली जूनियर हाई स्कूल पर विफ्स कार्ड उपलब्ध नहीं थे। किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन प्राप्त होने की जानकारी मिली। चिकित्सालय स्तर पर आर.बी.एस.के. कक्ष नहीं बना था। | टीम भ्रमण से पूर्व भ्रमण पुस्तिका में समय का अंकन करे। समस्त उपकरण, माइक्रोप्लान एवं मोबाईल हेल्थ टीम रजिस्टर टीम के पास उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को सुझाव दिया गया। चिकित्सालय में माइक्रोप्लान की एक प्रति उपलब्ध होनी चाहिए तथा वाहनों के लागबुक नियमित रुप से भरे जायें एवं उसका सत्यापन टीम लीडर व चिकित्सा अधीक्षक द्वारा किया जाए। आई0एफ0ए0 टेबलेट की उपलब्धता स्कूलों में ब्लाक संसाधन केन्द्र के माध्यम से सुनिश्चित करने हेतु उपमुख्य चिकित्साधिकारी एवं चिकित्सा अधीक्षक को सुझाव दिया गया। टीम के बैठने हेतु कक्ष की ब्यवस्था की जाए। |
| चिकित्सालय में प्रोटोकाल पोस्टर्स यथा स्थान नहीं लगे थे। | नर्स मेण्टर व अन्य के सहयोग से प्रोटोकाल पोस्टर्स यथास्थान पर लगवाये जाने का सुझाव दिया गया। |
| नसबन्दी कैम्प माह अप्रैल 2015 से कैम्प कैलेण्डर के अनुसार नहीं हो रहे हैं। अगस्त माह तक कुल 02 केसेज हुए हैं। रिकार्ड अवलोकन | 1.कैम्प से पूर्व समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तय की जाय व जिम्मेदारियां दी जाय तथा प्रत्येक कैम्प में कम |


| | |
|---|---|
| के उपरान्त मेडिकल रिकार्ड चेकलिस्ट आदि भरा हुआ नही पाया गया। | से कम 25 केस आना सुनिश्चित किया जाय।<br>2.कैम्प का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय।<br>3.सर्जन टीम की समय से उपलब्धता हेतु कैम्प दिवस पर सुबह वार्ता कर ली जाय। |
| होम डिलीवरी आफ कन्ट्रासेप्टिव स्कीम के तहत आशाओं को गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण किया जा रहा है। | होम डिलीवरी आफ कन्ट्रासेप्टिव स्कीम के दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन किया जाय व प्रत्येक आशा के मांग के अनुरूप गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण आशाओं को नियमित रूप से किया जाय तथा ईकाई स्तर पर गर्भनिरोधक सामग्रियों की निरन्तरता बनाये रखने हेतु तीन माह या 25 प्रतिशत बफर स्टाक रखकर मॉगपत्र समय से जनपद को प्रेषित किये जाने का सुझाव दिया गया। |
| आई0ई0सी0 ब्यापक रुप से डिस्प्ले नहीं था। | कार्यक्रम सम्बन्धी आई0ई0सी0 यथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, परिवार नियोजन कैम्प दिवस, प्रोत्साहन राशि व परिवार नियोजन की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण संशोधित शाससनादेशों के अनुरुप डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर को परिवार नियोजन सम्बन्धी समस्त कार्यों की जानकारी में कमी पाई गई। | सुझाव दिया गया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक, एच0ई0ओ0 व ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर समस्त दिशा निर्देशों व शासनादेशों की प्रति अपने पास रखें व उसका अध्ययन करें तथा समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं के बैठक में योजना सम्बन्धी जानकारियां प्रदान कर कार्यकर्ताओं का भी क्षमतावर्धन करें व नियमित रुप से प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा करें। |
| चिकित्सालय में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की सेवायें प्रदान की जानी शुरु की गयी हैं। अगस्त माह तक कुल 04 पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन हुए हैं। | चिकित्सा अधीक्षक को सुझाव दिया गया कि प्रत्येक माह सेवाप्रदातावार उपलब्धि समीक्षा करें एवं इकाई में होने वाले प्रसव के सापेक्ष 30 प्रतिशत से अधिक पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। |
| ए0एफ0एच0एस0क्लिनिक पर कोई भी आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं था, इसके साथ ही 5'5 मैट्रिक्स के अनुसार दवाईयों की उपलब्धता नहीं थी। बी0एम0आई0 चार्ट क्लिनिक पर डिस्प्ले नहीं था। | चिकित्साअधीक्षक, आर0के0एस0के समन्वयक व ए0एफ0एच0एस0 काउन्सलर को समुचित आवश्यक ब्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु सुझाव दिया गया। |



5X5 matrix not inn appropriate size



facility update TL disusing with MO about



Attendance register where sign being put in capital Letter



Team Visited at school



Food provided at School



Weighing Machine not functional

**संलग्नकः चेकलिस्ट।**

**अतिरिक्त प्रा0 स्वा0 केन्द्र, मिलक खानम, स्वार, रामपुर**

दिनांकः 22.09.2016

सम्पर्क अधिकारीः डा0 सतीश कुमार– चिकित्साधिकारी

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव |
|---|---|
| सिटीजन चार्टर एवं ई0डी0एल0 डिस्प्ले नही था। | डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| चिकित्सालय परिसर में बिजली–पानी की ब्यवस्था ठीक नहीं है। जेनसेट क्रियाशील नहीं है। | चिकित्साधिकारी को चिकित्सालय परिसर में आवश्यक ब्यवस्था ठीक कराने का सुझाव दिया गया। |
| लेबर रुम में खिड़कियों पर पर्दे नहीं लगे थे। चादरें आदि नहीं उपलब्ध थी। संक्रमण से बचाव का कोई ब्यवस्था नहीं था। खिड़कियों आदि की जालियॉ टूटी हुई थी। | उक्त व्यवस्था ठीक कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| परिसर में दो ए0एन0एम0 रहती है। किन्तु टीकाकरण की ब्यवस्था चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं है। नवजात शिशुओं को जीरो डोज नही दिया जा रहा है। | चिकित्साधिकारी द्वारा आई0एल0आर0 की मॉग की गई जिस पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी को ब्यवस्था कराने का संयुक्त निदेशक की ओर से निर्देश दिया गया। |
| केन्द्र, में अगस्त माह में 35 प्रसव दर्शाया गया था। मुख्यालय की स्टाफ नर्स द्वारा औसतन | प्रसव के पश्चात लाभार्थी को 48 घण्टे तक रोके जाने तथा आवश्यक प्रोटोकाल्स फालो |

| | |
|---|---|
| 45–50 प्रसव प्रतिमाह कराया जा रहा है। किन्तु आवश्यक प्रोटोकाल्स फालो नहीं किए जा रहे हैं। | किए जाने का सुझाव दिया गया। |
| फार्मासिस्ट द्वारा दवाईयों के रखरखाव एवं स्टाक बुक आदि सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गई। | फार्मासिस्ट को स्टाक बुक इण्ट्री एवं एक्सपायरी डेट रजिस्टर के सम्बन्ध में तथा दवाईयों की इन्ट्री नियमित रुप से किये जाने सम्बन्धी सुझाव दिया गया। |
| बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की व्यवस्था हेतु कोई कोई एजेन्सी अनुबन्धित नहीं है और न ही कोई वैकल्पिक ब्यवस्था की गई थी। | अतिशीघ्र मानक के अनुरुप बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। |
| प्रसव कक्ष में प्रोटोकाल पोस्टर्स नहीं लगे थे। सम्बन्धित स्टाफ को न्यू बार्न केयर कार्नर की जानकारी नहीं थी। वजन नापने की मशीन व ब्लड प्रेशर मशीन उपलब्ध नहीं था। | नर्स मेण्टर व अन्य के सहयोग से प्रोटोकाल पोस्टर्स लगवाये जाने का सुझाव दिया गया। |
| परिवार नियोजन सम्बन्धी आई0ई0सी0 का ब्यापक रुप से डिस्प्ले नहीं था। | कैम्प दिवस, प्रोत्साहन राशि व परिवार नियोजन की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण संशोधित शाससनादेशों के अनुरुप डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| रेफर किये गये केसेज के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। किन्तु रेफरल रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया। | रेफरल रजिस्टर बनाने का सुझाव दिया गया। |
| 102 एम्बुलेन्स नम्बर यू.पी. 41 जी 0262 में दवाईयों की उपलब्धता थी। ब्लड प्रेशर नापने की मशीन की पैकिंग तक नहीं खुली थी। ए.सी. खराब पड़े थे। दवा वितरण रजिस्टर में विगत तीन महीनों से दवा वितरण अंकित नहीं किया गया था। | उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। |

**संलग्नकः चेकलिस्ट।**

**सामुदायिक गतिविधियॉ नम्बर 01ः**

दिनांकः 22.09.2016

ग्राम– करनपुर, विकास खण्ड– सैदनगर

सम्पर्क आशाः सरिता

संयुक्त टीम द्वारा सामुदायिक स्तर की गतिविधियों का आकलन हेतु ग्राम– करनपुर, विकास खण्ड– सैदनगर का भ्रमण किया गया। आशा उपस्थित थीं सामुदायिक स्तर की गतिविधियों का आकलन हेतु संयुक्त टीम द्वारा हाउस होर्ड भ्रमण भी सम्पादित किया गया, जिसमें दिये गये निर्देशों के अनुरुप विभिन्न विधाओं के सेवाप्राप्त 05 लाभार्थियों से सम्पर्क किया गया। भ्रमण के दौरान लाभार्थियों द्वारा अवगत कराया गया कि आशा द्वारा किशोर/किशोरी से सम्बन्धि सेवायें नहीं दी जा

रही हैं एवं ओ0आर0एस0–जिंक बनाने की विधि नहीं बतायी जा रही है। गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में ए0एन0सी0 पंजीकरण नहीं हो रहा है।

**संलग्नकः चेकलिस्ट।**

## जिला महिला चिकित्सालय, रामपुर

दिनांकः 23.09.2016

सम्पर्क अधिकारीः डा0 ज्योत्सना पन्त– मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका (जिला महिला चिकित्सालय)

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव |
|---|---|
| चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई ब्यवस्था ठीक है। दीवार लेखन भी देखने को मिला। सिटीजन चार्टर एवं ई0डी0एल0 डिस्प्ले था। | चिकित्सालय परिसर में मानक के अनुरुप ब्यवस्था ठीक कराने का सुझाव दिया गया। |
| वार्ड व लेबर रुम में चादरें आदि नहीं उपलब्ध थी। | उक्त व्यवस्था ठीक कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| चिकित्सलय में अगस्त माह में 310 प्रसव दर्शाया गया था। भ्रमण के दौरान वार्ड में भर्ती मरीजों के भोजन आदि की ब्यवस्था हेतु डिब्बाबन्द खाना दिया जा रहा है। वार्ड में दिये जाने वाले भोजन के विषय में दीवाल–लेखन नहीं था। प्रसव के तुरन्त बाद स्किन टू स्किन कान्टैक्ट व शीघ्र स्तनपान की जानकारी ठीक प्रकार से नहीं थी व क्रियान्वयन भी नहीं किया जा रहा था। | प्रसव के पश्चात 48 घण्टे तक रोके जाने का सुझाव दिया गया। टीम द्वारा क्रियान्वयन कराया गया व भविष्य में फालो करने का सुझाव दिया गया। |
| फार्मासिस्ट से दवाईयों के रखरखाव एवं स्टाक बुक आदि सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गई। स्टाक बुक अच्छे तरीके से मेण्टेन किया गया था। | फार्मासिस्ट को स्टाक बुक इण्ट्री एवं एक्सपायरी डेट तथा दवाईयों की इन्ट्री नियमित रुप से किये जाने सम्बन्धी सुझाव दिया गया। |
| बायो वेस्ड मैनेजमेण्ट की व्यवस्था हेतु कोई एजेन्सी अनुबन्धित नहीं है। कलर कोटेड बिन्स देखने को मिलीं। | अतिशीघ्र मानक के अनुरुप बायो वेस्ड मैनेजमेण्ट की व्यवस्था कराने का सुझाव दिया गया। |
| चिकित्सालय में एस0बी0ए0 प्रोटोकाल पोस्टर प्रदर्शित थे परन्तु यथा स्थान नहीं थे। कहॉ पर कौन सा प्रोटोकाल पोस्टर लगाया जाना है, इसकी मौजूद स्टाफ को कोई जानकारी नहीं थी। नर्स मेण्टर प्रशिक्षण हेतु गयी हुई थी। न्यू–बार्न केयर कार्नर में रेडियन्ट वार्मर उपलब्ध था। | नर्स मेण्टर व अन्य के सहयोग से प्रोटोकाल पोस्टर्स लगवाये जाने का सुझाव दिया गया। |
| नसबन्दी कैम्प प्रत्येक मंगलवार व बृहस्पतिवार को आयोजित किये जा रहे हैं। जिसका आई0ई0सी0 डिस्प्ले था। | आई0ई0सी0 अपडेंट करने का सुझाव दिया गया तथा नियत दिवस सेवायें दिये जाने हेतु भी आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। |

| | |
|---|---|
| परिवार नियोजन सम्बन्धी आई0ई0सी0 ब्यापक रुप से डिस्प्ले नहीं था। | प्रोत्साहन राशि व परिवार नियोजन की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण संशोधित शाससनादेशों के अनुरुप डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। |
| परिवार नियोजन परामर्शदाता द्वारा वार्ड में परामर्श नहीं दिया जा रहा है तथा टीम द्वारा सत्यापन के दौरान भर्ती प्रसूता शबाना जिसका सिजेरियन प्रसव हुआ था एवं विगत पॉच दिनों से भर्ती थी जिसे परिवार नियोजन परामर्श नहीं दिया गया था एवं काउन्सलर का लाभार्थियों के साथ बात करने का तरीका झुझलाहट भरा था, जो कि आपत्तिजनक था। | समस्त भर्ती प्रसतूाओं की परिवार नियोजन काउन्सलिंग करने व अच्छा ब्यवहार करने का सुझाव दिया गया। |
| चिकित्सालय में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन की सेवायें प्रदान की जा रही हैं। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन हुए लाभार्थियों का फालोअप ड्यू डेट पर नहीं किया जा रहा है। ड्यू डेट से फालोअप रिकार्ड मैच नहीं कर रहे थे। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को सुझाव दिया गया कि प्रत्येक माह सेवाप्रदातावार उपलब्धि समीक्षा करें एवं इकाई में होने वाले प्रसव के सापेक्ष 30 प्रतिशत से अधिक पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। |
| आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन कक्ष बना हुआ था। | बेहतर प्रयास की सराहना करते हुए जारी रखने का सुझाव दिया गया। |
| ए0एफ0एच0एस0क्लिनिक पर सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं था, बी0एम0आई0 चार्ट क्लिनिक पर डिस्प्ले नहीं था। आई0ई0सी0 डिस्प्ले नहीं था। रिकार्ड आदि अच्छे से नही भरे जा रहे थे। | चिकित्साअधीक्षिका, आर0के0एस0के समन्वयक व ए0एफ0एच0एस0 काउन्सलर को समुचित आवश्यक ब्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु सुझाव दिया गया। |

**संलग्नकः चेकलिस्ट।**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक।**

दिनांकः 23.09.2016

बैठक के प्रतिभागी – समस्त जनपद व ब्लाक स्तरीय अधिकारी तथा सहयोगीसंस्थाओं के प्रतिनिधि।

मिशन निदेशक महोदय के निर्देशों के अनुपालन में जनपद–रामपुर में संचालित कायक्रमों की समीक्षा बैठक जनपद मुख्यालय पर मुख्य चिकित्साधिकारी व मण्डलीय संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में आहूत की गयी जिसमें अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त विकास खण्डों के प्रभारी चिकित्साधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्युनिटी प्रासेस प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक एवं टी0एस0यू0 व आई0सी0डी0एस0 के अधिकारी उपस्थित थे। जिला कम्युनिटी प्रासेस प्रबन्धक द्वारा प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्त शंकाओं का समाधान भी किया गया।

**संलग्नकः बैठक उपस्थिति।**

**सामुदायिक गतिविधियॉ नम्बर02:**

दिनांकः 23.09.2016

ग्राम– कोईला, विकास खण्ड– चमरौवा

सम्पर्क : श्रीमती अमरजीत कौर, ए.एन.एम.
कुसुमलता व राममूर्ति, आशा

संयुक्त टीम द्वारा सामुदायिक स्तर की गतिविधियों का आकलन हेतु ग्राम– कोईला, विकास खण्ड– चमरौवा का भ्रमण किया गया। उपकेन्द्र के नाम की वाल पेन्टिंग नहीं थी तथा आवश्यक आई0ई0सी0 प्रदर्शित नहीं थी। ए0एन0एम0 एवं 02 आशा उपस्थित थीं। उपकेन्द्र की साफ–सफाई ठीक नहीं थी तथा कभी–कभी प्रसव कराये जाते है। उपकेन्द्र की ए0एन0एम0 एस0बी0ए0 प्रशिक्षण प्राप्त थी। उपकेन्द्र में विद्युत की निरन्तर व्यवस्था हेतु इनवर्टर उपलब्ध था। एल0–1 इकाई पर आवश्यक सभी एस0बी0ए0 प्रोटोकाल पोस्टर उपलब्ध नहीं थे तथा जो एस0बी0ए0 प्रोटोकाल पोस्टर प्रदर्शित थे वे यथा स्थान नहीं थे। प्रसव कक्ष में एम0एन0एच0 टूल किट के अनुसार आवश्यक ट्रे उपलब्ध नहीं थी। शौचालय गन्दे थे। इमरजेन्सी ड्रग किट व आक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध नहीं थी। ए0एन0एम0 को उपकेन्द्र पर दीवार लेखन तथा सभी अभिलेखों को पूर्ण कर सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी को अवलोकित कराने को निर्देशित किया गया। सामुदायिक स्तर की गतिविधियों का आकलन हेतु संयुक्त टीम द्वारा उपस्थित आशा में से कुसुमलता के साथ हाउस होर्ड भ्रमण भी सम्पादित किया गया, जिसमें दिये गये निर्देशों के अनुरुप विभिन्न विधाओं के सेवाप्राप्त 05 लाभार्थियों से सम्पर्क किया गया।

**संलग्नकः चेकलिस्ट।**

**सामुदायिक गतिविधियॉ नम्बर 03: वी0एच0एन0डी0 सेशन**

दिनांकः 24.09.2016

ग्राम– शाहजादनगर, विकास खण्ड– चमरौवा

सम्पर्क : श्रीमती बीना साम्बवाल, ए.एन.एम.
श्रीमती नीतू देवी , आशा
श्रीमती ज्योति रानी राठौर, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री

संयुक्त टीम द्वारा वी0एच0एन0डी0 सत्र का अवलोकन किया गया। सत्र के दौरान ए.एन.एम. के पास हब कटर, बी0पी0 मशीन, हिमोग्लोबिन रैपिड टैस्ट किट तथा स्टेथ स्कोप उपलब्ध थे। आवश्यक दवाईयों की भी उपलब्धता थी। आशा के पास गर्भनिरोध सामग्री उपलब्ध था। सत्र का बैनर उचित स्थान पर नहीं लगा था, जिसे उचित स्थान पर लगवाया गया। ड्यू लिस्ट से उपस्थित लाभार्थी मैच नहीं कर रहे थे। वजन नापने की मशीन नहीं थी।

**संलग्नकः चेकलिस्ट।**

भ्रमण टीम– हस्ताक्षर

1. डा0 रेशमा मसूद, उप महाप्रबन्धक, आर.बी.एस.के. ................................................

2. डा0 कमला मिश्रा, सलाहकार, क्वालिटी एस्योरेन्स ................................................

3. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, प0 नि0................................................